बरेली, गुरुवार
3 नवंबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

एसआरएमएस में हुई वर्कशाप में उपस्थित चिकित्सक • सौ. संस्थान

बिना सर्जरी के ही दूर होंगी चेहरे की झुर्रियां

जासं, बरेली: एसआरएमएस मेडिकल कालेज में बुधवार को डर्मेटोलाजी विभाग की ओर से क्यूटिशाप का आयोजन हुआ। जिसमें चेहरे की झुर्रियां दूर करने के बारे में जानकारी दी गई। डर्मेटोलाजी के विभागाध्यक्ष और वर्कशाप के आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डा. प्रतीक गहलोत ने सभी का स्वागत किया। त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. इंदू बल्लानी और डा. मृगांका मेहरा ने बताया कि अभी तक चेहरे की त्वचा को टाइट करने के लिए बोटाक्स का इस्तेमाल किया जाता है। यह कष्टप्रद और खर्चीली प्रक्रिया है, लेकिन अब बिना सर्जरी के भी त्वचा को टाइट किया जा रहा है। इसकी ओर लोगों का रुझान बढ़ रहा है। इसमें धागे का इस्तेमाल होता है। धागे को निडिल के जरिये स्किन में डाला जाता है और उसे खींच कर ढीली त्वचा को टाइट कर दिया जाता है। डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता, डा. मधुर कांत रस्तोगी, डा. आरपी सिंह आदि रहे।